# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 15.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की पांच दिन की यात्रा पर रवाना हो गए। प्रधानमंत्री ने प्रस्थान से पहले कहा कि साइप्रस भारत का एक निकट सहयोगी है और भूमध्यसागरीय क्षेत्र तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से ऐतिहासिक संबंधों और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने में सहायता मिलेगी।

*******************

उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में, गौरीखंड के निकट, खरग के पवर्तीय क्षेत्र में, आज सवेरे एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट के साथ सवार छह तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई । इस हादसे पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक जताया है। एक्स हैंडल पर अपने पोस्ट में राज्यपाल ने कहा कि बाबा केदार उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि मरांग बुरु दिवगंत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

*******************

भूमि विवादों के समाधान को लेकर मंत्री दीपक बिरुआ ने आम लोगों और समाजसेवियों से समन्वय और सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की टीम जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करती है। मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर आग्रह किया है कि भूमि से जुड़े आवेदन उन्हें मैसेज के माध्यम से भेजे जाएं, और जल्द ही शिकायतों के लिए एक विशेष नंबर जारी किया जाएगा।

*******************

रामगढ़ जिले में जेंडर सीआरपी के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जा रहा रहा है। 10 से 26 जून तक मादक पदार्थ के दुरुपयोग के संबंध में जेएसएलपीएस की ओर से अभियान चलाकर लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन को छोड़ने के लिए जागरूक किया जाएगा।

*******************

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर आज जामताड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने वृद्धाआश्रम उदलबनी परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव पवन कुमार ने वृद्धजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने लाभ से वंचित वृद्धजनों का पंजीकरण कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने का निर्देश भी दिया।

*******************

बोकारो जिले के कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो को केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

*******************

मौसम विभाग ने आज रांची पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह समेत कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश और तेज़ हवा चलने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले दो दिनों तक गर्म और उमस भरा मौसम बना रह सकता है, जबकि 18 जून से बारिश में बढ़ोतरी की संभावना है।

*******************

हजारीबाग राइफल एसोसिएशन द्वारा कर्जन ग्राउंड शूटिंग रेंज में 13 से 15 जून तक द्वितीय हजारीबाग शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय मुकाबले में भाग लेंगे। समापन समारोह में खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि छोटे शहरों से प्रतिभावान खिलाड़ी उभर रहे हैं और सरकार उन्हें हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

*******समाप्त********